<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 463

19 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड में भ्रष्टाचार के मामले

463. डा० विकास महात्मे:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) और इसकी सहायक कंपनियों में कतिपय भ्रष्टाचार के मामलों की जानकारी मिली है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त भ्रष्टाचार के मामलों में जांच का आदेश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) से (घ): गत तीन वर्षों अर्थात् 2014, 2015 और 2016 के दौरान सरकार को विभिन्न स्रोतों से स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के संबंध में विभिन्न आरोपों में 53 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 49 शिकायतों पर कार्रवाई पूरी कर ली गई है। अनुशासन प्राधिकारी द्वारा मामलों की जाँच-पड़ताल/पूछताछ के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है।

*****